# बिहार विधान-सभा-वादवृत्त

वृहस्पतिवार, तिथि १४ सितम्बर, १६५०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन रांची के सभा-वेश्म में वृहस्पतिवार, तिथि १४ सितम्बर १६५० को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

## अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर
## SHORT NOTICE QUESTIONS AND ANSWERS.

---

UNPRECEDENTED FLOOD IN AREAS WITHIN KATRA POLICE STATION (MUZAFFARPUR).

**5. Shri DIP NARAIN SINHA :**

Will the Hon'ble the Revenue Minister be pleased to state—

(a) whether the attention of Government has been drawn to the persistent newspaper reports about unprecedented flood in Katra P. S. in the district of Muzaffarpur;

(b) whether it is a fact that this year's flood in Katra P. S. is the highest for the last 20 years ;

(c) if the answer to clauses (a) and (b) be in the affirmative, whether it is a fact that paddy crops have been failing for the last four years in north Katra, particularly in Beat no. 6, and there is complete failure of crop this year also in the said area;

(d) if the answer to clause (c) be in the affirmative, what action, if any, has been taken by Government to render help to the flood stricken people of the said area;

(e) whether Government have considered the desirability of finding out the causes of high floods in the said area and preventing their recurrence ?

## चौकीदारी के हकदार केवल हरिजन

*१६०। श्री राम बसावन राम :

क्या माननीय मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि प्रान्त के चौकीदारों में से बहुत की छंटनी हो रही है ;

(ख) क्या यह बात सही है कि इन चौकीदारों में अधिकांश हरिजन हैं, और यह उनका खान्दानी पेशा रहता आया है ;

(ग) क्या यह बात सही है कि सरकारी नौकरियों में केवल इसी में हरिजन लोगों को उनकी जन संख्या के अनुपात में जगह मिलती रही है;

(घ) अगर खंड (क), (ख) और (ग) के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छंटने वाले चौकीदारों की जगह पर उन्हीं के परिवार से भरती करने या दूसरी जगहों में उन्हें बहाल करने का विचार करती है ?

माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :

(क) उत्तर 'हां' में है। Rural Police system के पुनर्संगठन के फलस्वरूप सरकार ने निश्चय किया है कि इस समय चौकीदारों की जितनी संख्या है, उसका तीस प्रतिशत घटा दिया जाय।

(ख) उत्तर 'हां' में है।

(ग) यह बात ठीक है कि चौकीदार आमतौर से हरिजन होते हैं। दूसरी २ सरकारी नौकरियों में भी उन्हें जगह दी जाती है।

(घ) चौकीदारों की जो जगहें छांट दी गयी हैं, उन पर बहाली नहीं होगी, इसलिये यह प्रश्न नहीं उठता है।

सरदार हरिहर सिंह :

छटनी किस आधार पर हो रही है।

माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :

आधार यह है कि जो लोग बूढ़े हो गये थे या जो चौकीदार कमसीन थे उनको हटा दिया गया और बकिये को रख लिया गया।

सरदार हरिहर सिंह :

क्या सरकार को इसकी जानकारी है कि कहीं-कहीं नौजवान चौकीदार भी छांट दिये गये हैं और बूढ़े रख लिये गये हैं।

माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :

अगर कुछ बूढ़े भी रखे गये हैं तो वे ज्यादे तजुर्बेकार होंगे और detection of crime में मदद देते होंगे इसलिये रखे गये हैं।

सरदार हरिहर सिंह :

इस चीज को देखने का अधिकार किसको दिया गया है।

**माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :**

Superintendent of Police को ।

**सरदार हरिहर सिंह :**

क्या सरकार को खबर है कि S. D. O. ने भी इस काम को किया है ?

**माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :**

हमको तो खबर नहीं है लेकिन जब आप कहते हैं तो इसकी जांच की जायगी ।

**श्री देवकीनन्दन प्रसाद :**

मैं जानना चाहता हूँ कि इस सम्बन्ध में सरकार का आदेश क्या है ?

**माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :**

आदेश यह है कि चौकीदारों का मुशहरा बढ़ा दिया जाय। लेकिन जो खर्च का total है उसमें बढ़ती नहीं हो इसलिये कुछ लोगों को छांट कर के जो लोग कम पाने वाले थे उनका मुशहरा बढ़ा कर १२) रुपया कर दिया गया है और इसके सथा साथ उन पर और जिम्मेदारी लाद दी गयी है ।

---

## हरिजन वार्डर

**+* १६१ । श्री राम बसावन राम :**

क्या माननीय मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) प्रान्त भर के जेलों में हरिजन वार्डर और किरानी कितने हैं;

(ख) उनके नाम, जाति, पता क्या हैं;

(ग) क्या इन नौकरियों में हरिजन को आनुपातिक स्थान दिया गया है, यदि नहीं तो क्यों ?

**माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :**

(क) इस सूबे में सब मिला कर २७ हरिजन (warders) हैं और एक हरिजन क्लर्क है ।

(ख) उनके नाम, जाति, और उनका पता statement में लिख दिया गया है जो हमने table पर रखा है ।

(ग) सरकार हमेशा कोशिश करती है कि हरिजनों की बहाली ज्यादा से ज्यादा संख्या में हो । यदि उनमें minimum qualification भी पाया जाय तो उनको बहाल करने के लिये सरकार ने आदेश दे रखा है ।

---

+ माननीय सदस्य की अनुपस्थिति में श्री राज किशोर सिंह के निवेदन करने पर उत्तर दिया गया ।

नोट :—प्रश्न संख्या १६२ स्थगित किया गया ।